सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-184
13/04/2018

मुख्यमंत्री के समक्ष ऑनलाइन फैसिलिटेशन सिस्टम फॉर स्टूडेंट से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया गया

पटना, 13 अप्रैल 2018 :— 1 अणे मार्ग स्थित "विमर्श" में आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष ऑनलाइन फैसिलिटेशन सिस्टम फॉर स्टूडेंट (ओ0एफ0एस0एस0) से संबंधित प्रस्तुतिकरण बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष श्री आनंद किशोर ने दिया। इंटर स्तरीय एवं स्नातक पाठ्यक्रमों में आगामी सत्र (2018—19) से विद्यार्थियों के नामांकन के लिये ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत रूप से प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके लिये छात्र वसुधा केन्द्र या घर से लैपटॉप, कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

अब तक यह व्यवस्था रही है कि प्लस टू के बाद छात्रों को नामांकन के लिये कई महाविद्यालयों में आवेदन पत्र भरकर जमा करना होता है और इसके कारण उन्हें कई महाविद्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है। ऑनलाइन फैसिलिटेशन सिस्टम फॉर स्टूडेंट के लागू होने के बाद छात्र घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन में वे उन सभी कॉलेजों में आवेदन दे सकते हैं, जहॉ वे नामांकन चाहते हैं। बेवसाइट के माध्यम से उन्हें पता चल जायेगा कि उन्हें किस महाविद्यालय में मेरीट के अनुसार नामांकन लेना है। इसे इसी सत्र से लागू करने के संबंध में विचार—विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक अच्छी विधा है। इसे डाटा कलेक्शन और चीजों को अपडेट करने में सहुलियत होगी। छात्रों को बेवजह की होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******